मुख्यमंत्री डॉ. यादव बस से पहुंचे उज्जैन

सादगी का संदेश : डॉ. यादव के साथ बस में जनप्रतिनिधि और अधिकारी भी थे सवार

भोपाल, 28 मई. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सादगी, मितव्ययिता और सुशासन के मंत्र को आत्मसात करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव प्रदेश में एक नई कार्य संस्कृति स्थापित कर रहे हैं.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा प्रशासनिक खर्चों में संयम और संसाधनों के संतुलित उपयोग को लगातार प्राथमिकता दी जा रही है. इसी क्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आज एक प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया. उन्होंने अपने काफिले में वाहनों की संख्या सीमित रखते हुए जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ एक ही बस में सवार होकर इंदौर से उज्जैन तक की यात्रा की. इस दौरान सुरक्षा और आवश्यक व्यवस्था के लिये केवल तीन अन्य वाहन ही साथ रहे.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव की यह पहल सादगीपूर्ण प्रशासन, ईंधन बचत और अनावश्यक खर्चों में कमी की दिशा में एक सकारात्मक संदेश है. यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री डॉ यादव ने जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से जल गंगा संवर्धन अभियान सहित विभिन्न विकास कार्यों एवं जनहित योजनाओं पर चर्चा भी की.

बाजार में घूमते हुए बच्चे को पुलिस ने पहुंचाया घर

नवभारत रिपोर्टर

भोपाल, 28 मई. टीला जमालपुरा थाना पुलिस ने घर से भटके एक 3 साल के मासूम को उसके घर पहुंचाया. पुलिस ने बच्चे को बाजार में अकेले रोते हुए घूमते देखा. पुलिस के मुताबिक बुधवार को इन्द्रा नगर बाजार में ईद के पूर्व बाजार इंतजाम ड्यूटी के दौरान मामले की सूचना मिली. बताया गया कि एक मासूम बच्चा उम्र करीबन 3 साल का रोता हुआ बाजार में घूम रहा है, जो अपने परिवार से कहीं खो गया है. बच्चे को इन्द्रा नगर चौकी लेकर आया गया. बच्चा केवल अपना नाम बता रहा था.

खंडेलवाल ने कराटे खिलाड़ी नियति को दी बधाई

भोपाल, 28 मई. भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने गुरुवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में मलेशिया कराटे चैंपियनशिप की अंडर-14 श्रेणी में स्वर्ण एवं रजत पदक जीतकर मध्यप्रदेश व देश का गौरव बढ़ाने वाली दमोह की प्रतिभाशाली बेटी नियति दीक्षित से भेंटकर बधाई दी. इस दौरान प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी अंशुल तिवारी, युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर एवं लघु उद्योग निगम के अध्यक्ष सत्येन्द्र भूषण सिंह उपस्थित रहे.

भाजपा जिला पदाधिकारियों की बैठक संपन्न

भोपाल, 28 मई. भारतीय जनता पार्टी जिला भोपाल नगर द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण को समर्पित केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करने के लिए जिला कार्यशाला का आयोजन भाजपा कार्यालय में किया गया.

कार्यशाला का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं महापुरुषों के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया. कार्यशाला में 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस से 21 जून अंतरराष्ट्रीय योग दिवस तक आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई. इस दौरान 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान, वृक्षारोपण अभियान, स्वास्थ्य शिविर, स्वच्छता अभियान, प्रगति पथ यात्रा, विकसित भारत संकल्प सम्मेलन, विशेष जनसंपर्क अभियान तथा योग दिवस कार्यक्रमों की सफलता को लेकर जिला टोली, मंडल टोली, जिला पदाधिकारियों एवं मंडल अध्यक्षों के साथ रणनीति बनाई गई.

बैठक में विभिन्न कार्यक्रमों के संचालन के लिए समितियों का गठन किया गया. भाजपा जिला अध्यक्ष रविंद्र यति ने संयोजक, सहसंयोजक एवं सदस्यों की घोषणा की. कार्यशाला में मंत्री विश्वास सारंग, राज्य मंत्री कृष्णा गौर, विधायक रामेश्वर शर्मा विधायक भगवानदास सबनानी, पूर्व विधायक ध्रुवनारायण सिंह, सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे.

जॉब देने के बहाने की ठगी

- ठगों ने फरियादी महिला से साढ़े चार लाख रुपए कराए जमा

नवभारत रिपोर्टर

भोपाल, 28 मई. शहर के शाहजहांनाबाद इलाके में एक महिला के साथ सायबर जालसाजों ने जॉब देने के बहाने से करीब साढ़े चार लाख रुपये की ठगी कर ली. मामले की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

शाहजहांनाबाद इलाक की रहने वाली महिला का नाम शबाना है और वह एक गृहणी हैं. शबाना के मोबाइल फोन पर करीब आनलाइन रेटिंग का जॉब देने का मैसेज आया था. जाब देने वाले दिए गए नंबर पर शबाना ने बात की और काम भी शुरू किया. संबंधित कंपनी की तरफ से इस दौरान उन्हें अच्छी इनकम भी हुई. कुछ दिनों बाद कंपनी के कर्मचारियों ने और अधिक इनकम होने का बताकर शबाना से कुछ रुपये जमा करवाए. रुपयों की बाद में जरूरत पड़ने पर शबाना ने जब उन्हें निकालने की कोशिश की तो उन्हें काम अधूरा बताकर रुपए निकालने से मना किया गया. इसके बाद कंपनी की तरफ से करीब सात लाख रुपये का भुगतान शबाना से करने को कहा गया. इसके पहले जालसाज ने पीड़िता से करीब साढ़े चार लाख रुपये संबंधित खाते में जमा कर लिए थे.

खुल के बोल अभियान से किशोरियां हो रहीं जागरूक

नवभारत संवाददाता

भोपाल, 28 मई. महिला एवं बाल विकास विभाग ने गुरुवार को मंत्रालय के पास स्थित वल्लभ नगर झुग्गी बस्ती में खुल के बोल जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें 70 से अधिक किशोरियों को खुल के बोल अभियान से जोड़ते हुए उन्हें माहवारी स्वच्छता एवं स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई.

यह अभियान विभाग के परियोजना अधिकारी अखिलेश चतुर्वेदी के मार्गदर्शन संचालित किया जा रहा है. महिला एवं बाल विकास विभाग की बाणगंगा परियोजना के अंतर्गत सहारा साक्षरता एज्यूकेशनल एण्ड सोशल वेलफेयर सोसायटी द्वारा संचालित खुल के बोल' अभियान के माध्यम से किशोरी बालिकाओं को माहवारी स्वच्छता एवं स्वास्थ्य संबंधी विषयों पर जागरूक किया जा रहा है. अभियान का उद्देश्य किशोरियों को माहवारी के दौरान अपनाई जाने वाली स्वच्छता संबंधी सावधानियों, स्वास्थ्य प्रबंधन तथा सामाजिक भ्रांतियों के प्रति जागरूक बनाना है. अभियान के अंतर्गत स्वयंसेवकों द्वारा आकर्षक पोस्टरों के माध्यम से समुदाय को जागरूक किया गया. समापन पर प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए गए तथा उपस्थित किशोरियों को सेनेटरी पैड उपलब्ध कराए गए.

एक नजर में...

लिप्पन आर्ट, मिरर डेकोरेशन का दिया प्रशिक्षण

भोपाल, 28 मई. एम्स भोपाल के हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर द्वारा लिप्पन आर्ट कार्यशाला आयोजित की गई. कार्यशाला में संकाय सदस्यों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों सहित कुल 16 प्रतिभागियों ने भाग लिया. प्रसिद्ध मॉडलर कलाकार अभिलाष देवांगन ने प्रतिभागियों को लिप्पन आर्ट, मिरर डेकोरेशन और क्ले डिजाइन तकनीकों का प्रशिक्षण दिया. कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों ने व्यावहारिक गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लेकर रचनात्मक कौशल विकसित किए. इस पहल का उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य, रचनात्मकता और सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देना था.

नगर निगम मेट्रो रेल प्रबंधन पर लगाएगा जुर्माना

नवभारत संवाददाता

भोपाल, 28 मई. राजधानी में मेट्रो रेल परियाजना पर नगर निगम जुर्माना लगाने की तैयारी कर रही है. इसके लिए कए दो दिन में नोटिस जारी करने की संभावना है. बताया जाता है कि बैरसिया रोड स्थित आरिफ नगर के पास भोपाल मेट्रो रेल परियोजना द्वारा लाइन बिछाने के लिए तीव्रगति से कार्य किया जा रहा है. वहां कार्य के दौरान गुरूवार, 28 मई को प्रात: 5:30 कोलार फीडर की 400 एमएम व्यास की डीआई लाईन फूट गई थी. जिसे नगर निगम मेट्रो प्रबंधन की लापरवाही मान रहा है. इस वजह से शहर के एलआईजी, नारियलखेड़ा, पिंजोमल, चौकसे नगर, जेपी नगर, आरिफ नगर, डीआईजी चौराहा, रेशम केन्द्र एवं टीला जमालपुरा आदि क्षेत्रों पानी की सप्लाई नहीं हो पाई. जिससे यहां की जनता भीषण गर्मी में पानी के लिए तरसती रही. इसके नगर निगम के जलकार्य विभाग द्वारा मेट्रो रेल परियोजना पर जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है जिससे भविष्य में इस प्रकार की लापरवाही की पुनरावृत्ति न हो.

साक्ष्य के अभाव में नाबालिग आरोपी बरी

नवभारत रिपोर्टर

भोपाल, 28 मई. पॉक्सो और बलात्कार के मामले में जिला कोर्ट ने नाबालिग आरोपी को बरी किया है. न्यायालय ने स्कॉलर रजिस्टर से जन्मतिथि को प्रमाणित नहीं माना. आरोपी जिसे बालिग मानकर उसके खिलाफ पॉक्सो और बलात्कार का प्रकरण सत्र न्यायालय में चलाया गया. उसमे विशेष न्यायालय पॉक्सो एक्ट द्वारा नाबालिग आरोपी को बाइज्जत बरी कर दिया गया. प्रकरण में फरियादी के उम्र को आरोपी के अधिवक्ता वैभव प्रताप चंद ने चुनौती दी. नाबालिग फरियादी के उम्र के संबंध में जो स्कॉलर रजिस्टर अभियोजन के द्वारा प्रस्तुत की गई थी. उस पर जन्म दिनांक पर ओवरराइटिंग थी. इस कारण न्यायालय द्वारा स्कॉलर रजिस्टर से जन्मतिथि को प्रमाणित नहीं माना गया. इसके साथ ही फरियादी को नाबालॉग नहीं माना गया. फरियादी के द्वारा आरोपी नाबालिग के द्वारा किए गए वाट्सऐप चैट पर दी गई धमकी के संबंध में न तो पुलिस ने फरियादी का मोबाइल जब्त किया और न ही पुलिस ने फरियादी या आरोपी के मोबाइल की जांच की.

निगम ने की लीकेज की शिकायत निराकरण के लिए कार्रवाई

भोपाल, 28 मई. नगर निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के दलों ने शहर की झुग्गी बस्तियों सहित संपूर्ण शहर में कुल 91 जल के नमूने लेकर गंध, रंग, स्वाद, रेसिडुअल क्लोरीन, पीएच, टरबीडिटी व बैक्टेरिया की जांच परीक्षण शालाओं के माध्यम से कराई जा रही है. निगम अमले ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में 27 स्थानों पर पाईप लाईनों के लीकेज भी सुधारे और सीएम हेल्प लाईन, महापौर हेल्प लाईन सहित अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों में से 4 शिकायतों का निराकरण किया. वहीं अधिकारियों का कहना है कि जैसे ही हमें शिकायत मिलती है हम कार्यवाही हेतु तत्पर हैं.

सारिपुत्र और महामोग्गलान के अस्थि कलश मंगोलिया के लिए रवाना

- बुलेटप्रूफ बॉक्स में दिल्ली पहुंचे, 11 जून को लौटेंगे
- अस्थि कलशों को दिया गार्ड ऑफ ऑनर

सलामतपुर, 28 मई. विश्व प्रसिद्ध बौद्ध तीर्थ सांची से गुरुवार 28 मई को भगवान गौतम बुद्ध के परम शिष्यों अर्हन्त सारिपुत्र और अर्हन्त महामोग्गलान के पवित्र अस्थि कलश मंगोलिया के लिए रवाना कर दिए गए.

यह दूसरी बार है जब इन अवशेषों को दर्शन के लिए विदेश भेजा जा रहा है, इससे पहले दो साल पहले थाईलैंड भेजा गया था. अस्थि कलशों को कड़ी सुरक्षा के बीच सड़क मार्ग से भोपाल एयरपोर्ट लाया गया, जहां से विशेष विमान के जरिए इन्हें दिल्ली भेजा गया है.

सांची के चैत्यागिरी विहार मंदिर के मुख्य तहखाने से सुबह 7 बजे 13 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल की मौजूदगी में अस्थि कलशों को बाहर निकाला गया. इसके बाद बौद्ध भिक्षुओं ने करीब डेढ़ घंटे तक मंत्रोच्चार के साथ विशेष पूजा-अर्चना की. सुबह 9 बजे सशस्त्र सुरक्षा बलों द्वारा 'गार्ड ऑफ ऑनर' दिए जाने के बाद कलशों को बुलेटप्रूफ और शॉक-प्रूफ विशेष बॉक्स में सील कर भोपाल रवाना किया गया. अवशेषों को दिल्ली के राष्ट्रीय संग्रहालय भेज दिया गया है. यहां तकनीकी प्रक्रिया पूरी होने के बाद 29 मई को इन्हें मंगोलिया ले जाया जाएगा. रायसेन एसडीएम मनीष शर्मा ने बताया कि केंद्र सरकार और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की विशेष टीम ने सांची में भी कलशों का भौतिक सत्यापन और वैज्ञानिक जांच की थी. इस पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कराकर पंचनामा भी तैयार किया गया है. मंगोलिया की राजधानी उलानबटार स्थित गंडन तेगचेनलिंग मठ में श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए इन अस्थि कलशों को रखा जाएगा. मंगोलिया में करीब 10 दिन के प्रवास के बाद 10 जून को ये कलश वापस दिल्ली लौटेंगे और 11 जून को इन्हें सांची में फिर से सुरक्षित स्थापित कर दिया जाएगा.

> कलश रवानगी के दौरान पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल भी मौजूद रहे. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में यह नई परंपरा शुरू हुई है. पहले ये अस्थियां विदेशों में थीं, जिन्हें भारत लाया गया और अब सम्मानपूर्वक दर्शन के लिए विभिन्न देशों में भेजा जा रहा है.

दूरस्थ क्षेत्रों में डॉक्टरों की भर्ती को प्राथमिकता दें

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त और जनोन्मुख बनाने के दिए निर्देश

भोपाल, 28 मई. उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने मंत्रालय में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग की विभिन्न योजनाओं, अधोसंरचना विकास एवं मानव संसाधन संबंधी विषयों की विस्तृत समीक्षा की.

उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुदृढ़, सुलभ एवं प्रभावी बनाने के लिये विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए. बैठक में चिकित्सकों एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों की भर्ती, नर्सिंग कॉलेजों के निर्माण कार्यों की प्रगति, चिकित्सालयों के संधारण एवं रख-रखाव, सागर स्थित कैंसर हॉस्पिटल के लिये पदों की स्वीकृति, प्रयोगशालाओं के सुदृढ़ीकरण (लैब स्ट्रेंदनिंग) और स्वास्थ्य संस्थाओं में आवश्यक मानव संसाधन उपलब्ध कराने संबंधी विषयों की समीक्षा की गई. उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने निर्देश दिए कि अंडर सर्व्ड एवं दूरस्थ क्षेत्रों में चिकित्सकों एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों की भर्ती को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए, जिससे अंतिम पंक्ति तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित हो सकें. उन्होंने कहा कि केवल चिकित्सकों की उपलब्धता ही नहीं, बल्कि नर्सिंग एवं पैरामेडिकल स्टाफ की पर्याप्त उपलब्धता भी सशक्त स्वास्थ्य सेवा प्रदायगी के लिए अत्यंत आवश्यक है. इस दिशा में प्रभावी एवं ठोस प्रयास किए जाएं.

सीएम केयर्स के अंतर्गत अंग प्रत्यारोपण (ऑर्गन ट्रांसप्लांट) से जुड़े प्रकरणों में अतिरिक्त व्यय की प्रतिपूर्ति संबंधी विषय पर भी चर्चा की गई. उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने निर्देश दिए कि जरूरतमंद मरीजों को समयबद्ध सहायता उपलब्ध कराने के लिये आवश्यक प्रावधान किए जाएँ.उन्होंने आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत कैंसर उपचार पैकेज को शामिल किए जाने के लिये आवश्यक प्रस्ताव शीघ्र तैयार करने के निर्देश दिए.

थिएटर वर्कशॉप में छात्राओं को दिया जा रहा प्रशिक्षण

भोपाल, 28 मई. लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा सभी सांदीपनि विद्यालयों में समर कैंप आयोजित किये जा रहे हैं. कमला नेहरू कन्या सांदीपनि विद्यालय में पीपल्स थिएटर ग्रुप भोपाल के तत्वावधान में 1 मई से 31 मई तक समर थिएटर वर्कशॉप का आयोजन किया जा रहा है. वर्कशाप में कक्षा 3 से 12 वीं तक के 85 से अधिक छात्राएं उत्साहपूर्वक रंगमंच कार्यशाला में भाग ले रही हैं. कार्यशाला का प्रशिक्षण महिला एवं बाल विकास में पदस्थ चाइल्ड काउन्सलर,कथक नृत्यांगना,युवा रंगकर्मी एवं रंग निदेशक सिंधु धौलपुरे द्वारा दिया जा रहा हैं. कार्यशाला में बालिकाओं को अभिनय से संबंधित सभी पहलुओं को विस्तार से समझाया जा रहा है, जैसे-वॉइस माड्यूलेशन,बॉडी लैंग्वेज, आर्ट एण्ड क्राफ्ट,मंच प्रापर्टी , इंप्रोवाइजेशन और मंच संचालन, संवाद अदायगी, भावनाओं को अभिव्यक्त करने कि कला का गहन प्रशिक्षण दिया जा रहा हैं. निर्देशक सिंधु धौलपुरे ने बताया प्रतिदिन शाम 5:00 से 7:00 बजे तक चलने वाली कार्यशाला का उद्देश्य छात्राओं के आत्मविश्वास,रचनात्मक और व्यक्तित्व विकास को प्रोत्साहित करना है. नाटक कार्यशाला में पर्यावरण संरक्षण पर आधारित नृत्य एंव रानी अहिल्याबाई होलकर के जीवन चरित्र पर आधारित एक नाटक तैयार किया जा रहा हैं,जिस कि प्रस्तुति कार्यशाला समापन समारोह में अहिल्याबाई कि जयंती पर दी जाएगी जो 31 मई को हैं.

बांधवगढ़ में मृत पाए गए बाघ का हुआ पोस्टमार्टम

प्रशासनिक संवाददाता

भोपाल, 28 मई. बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व, उमरिया के तहत पनपथा बफर क्षेत्र के ग्राम खेरवा टोला में 24 मई को मृत पाए गए नर बाघ का पोस्टमॉर्टम 25 मई को किया गया। पोस्टमॉर्टम 3 वन्यजीव चिकित्सकों के पैनल और 2 आमंत्रित विशेषज्ञों की उपस्थिति में हुआ.

पोस्टमॉर्टम में बाघ के सभी अंगों का गहन परीक्षण किया गया और आवश्यक नमूने संग्रहित किए गए. पोस्टमॉर्टम में एकत्रित नमूनों को बीमारी, अन्य आंतरिक रोगों, तनाव अथवा विषाक्तता जैसी संभावनाओं की जांच के लिए मानक प्रयोगशालाओं में भेजा गया है. पोस्टमॉर्टम में डायरेक्टर, एसडब्ल्यूएफएच जबलपुर, क्षेत्र संचालक बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व तथा एनटीसीए के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे. पूरी प्रक्रिया की फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी भी कराई गई. पोस्टमॉर्टम के बाद क्षेत्र संचालक बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व एवं एनटीसीए प्रतिनिधि की उपस्थिति में 25 मई 2026 को जबलपुर में बाघ का अंतिम संस्कार किया गया. अंतिम संस्कार में वन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी भी मौजूद रहे. पोस्टमॉर्टम में चिकित्सकों और विशेषज्ञों के पैनल ने पाया कि मृत नर बाघ का स्वास्थ्य अत्यंत खराब था. उसकी मांसपेशियां पीली एवं सूखी थीं, पाचन तंत्र खाली था और त्वचा खुरदरी और बेजान हो चुकी थी. रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया गया कि ट्रैंक्विलाइज़र डार्ट दाहिने कंधे पर लगा था, जहां रक्तस्राव नहीं पाया गया.

इससे यह स्पष्ट होता है कि डार्ट बाघ की मृत्यु के बाद लगाया गया था. शरीर के महत्वपूर्ण अंगों में 'कंजेस्टिव एवं हेमरेजिक' परिवर्तन पाए गए.जो कमजोर रक्त संचार के संकेतक हैं.

अभियान | पन्ना जिले की रैपुरा रेंज की रामडोल एवं दाने बाबा झिरियों में लौटा जल

धरती की बुझी प्यास से झिरियों में लौटी जैव-विविधता

- पन्ना में जोरों पर चल रहा है जल गंगा संवर्धन अभियान

भोपाल, 28 मई. दक्षिण पन्ना वनमंडल की रैपुरा रेंज अंतर्गत भरतला बीट में स्थित रामडोल की झिरिया एवं दाने बाबा की झिरिया में जल गंगा संवर्धन अभियान में प्राकृतिक झिरियों की साफ-सफाई और मरम्मत का कार्य कराया गया. इसके परिणामस्वरूप इन झिरियों को पुनर्जीवन मिला और भीषण गर्मी में भी इनमें जल बना हुआ है.

इससे झिरियों के आसपास के वन क्षेत्रों में वन्य पक्षियों की वापसी हुई है तथा क्षेत्र की जैव-विविधता पुनर्जीवित हो उठी है. प्राकृतिक जल स्त्रोतों के आसपास बड़ी संख्या में मधुमक्खियों के छत्ते अब शहद से भरे दिखाई दे रहे हैं. कई पक्षियों के घोंसलों में अंडे भी पाए गए हैं. इससे स्पष्ट है कि यह क्षेत्र अब वन्यजीवों, स्थानीय तथा प्रवासी पक्षियों के लिए सुरक्षित एवं अनुकूल प्राकृतिक आवास बन गया है.

जल संरक्षण और जैव-विविधता संरक्षण का यह समन्वित प्रयास दक्षिण पन्ना वनमंडल में प्राकृतिक संरक्षण के एक प्रभावी मॉडल के रूप में उभर कर सामने आया है.

> स्थानीय ग्रामीणों और वनकर्मियों ने बताया कि पिछली गर्मियों तक भीषण गर्मी के दौरान यहां की प्राकृतिक झिरियाँ सूख जाया करती थीं. जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत वन विभाग ने इन झिरियों की पहचान कर उनकी सफाई और मरम्मत कराई. वन विभाग के प्रयासों से इस वर्ष इन झिरियों में जल निरंतर प्रवाहित हो रहा है. जल स्रोतों से वन्यजीवों और पक्षियों को राहत मिल रही है. साथ ही मधुमक्खियों, तितलियों और अन्य छोटे जीवों के लिए भी यह वन क्षेत्र महत्वपूर्ण पारिस्थितिक आश्रय बन गया है.

पक्षियों के घोंसले हो रहे हैं आबाद

पक्षियों के घोंसले फिर आबाद हो गए हैं और अन्य वन्यजीवों की सक्रियता भी बढ़ी है. वन क्षेत्र में दूधराज (एशियन पैराडाइज फ्लाईकैचर), ब्लैक-नैप्ड मोनार्क, किंगफिशर, बाज, उल्लू, मोर, हरियल तथा जंगली मुर्गा सहित अनेक पक्षी प्रजातियाँ विहार कर रही हैं.

नाम परिवर्तन सूचना

मैं कुशल कल्याण साण्डया पिताश्री अयोध्या सिंह जाति गोंड निवास - ग्राम भैंसवाही, जिला डिण्डौरी। मेरा वास्तविक नाम KUSHAL KALYAN SANDYA है जो सत्य है एवं मेरे कक्षा 10वीं की अंकसूची में KUSHAL KALYAN SANDAYहो गया है, जो गलत है।
इसलिए मेरे 10 वीं की अंकसूची में मेरा वास्तविक नाम अंकित कर सुधार किया जावें।

कब्जा नोटिस (अचल संपत्ति हेतु) नियम 8 (1)

क्योंकि अधोहस्ता. आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में इंडिया इंफोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लि.) (आईआईएफएल एचएफएल) के सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन आफ फाइनेंशियल एसेट्स एंड इंफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट 2002 के तहत व सिक्योरिटी इंटरेस्ट (इंफोर्समेंट) नियम, 2002 के नियम 3 के सहपठित सेक्शन 13 (12) के तहत शक्तियों के पालन में कंपनी के प्रा. अधिकारी के निम्न देनदारों/सह-देनदारों को उक्त नोटिस प्राप्ति तिथि से 60 दिनों के भीतर नोटिस में कथित राशि चुकाने को कहा था. देनदार राशि नहीं चुका सके, अत: देनदारों व जनता को सामान्यतया नोटिस दी जाती है कि अधोहस्ता. ने उक्त नियमों के नियम 8 के सहपठित उक्त एक्ट की सेक्शन 13 (4) के तहत शक्तियों के पालन में निम्न संपत्ति का कब्जा ले लिया है. देनदारों व जनता को संपत्ति से लेनदेन नही करने को आगाह किया जाता है व संपत्ति से कोई भी लेनदेन निम्न राशि व उस पर ब्याज हेतु आईआईएफएल एचएफएल की देनदारी के अधीन होगा. देनदारों का ध्यान एक्ट की सेक्शन 13 की सब रटेशन (8) के प्रावधानों की ओर आमंत्रित है. यदि देनदार ट्रांसफर या बिक्री हेतु तय तिथि से पहले किसीभी समय लागत, चार्ज व खर्चों सहित 'आईआईएफएल एचएफएल' के बकायों को विलयल कर देता है तो सिक्योड एसेट को 'आईआईएफएल एचएफएल' द्वारा नहीं बेचा जाएगा व सिक्योर्ड एसेट की ट्रांसफर या बिक्री हेतु 'आईआईएफएल एचएफएल' द्वारा आगे कोई कदम नहीं उठाया जाएगा.

देनदारों का नाम	सिक्योर्ड एसेट अचल संपत्ति विवरण	कुल बकाया रु.	डिमांड नोटिस तिथि	कब्जा तिथि
श्री मंगलदास मालविया श्रीमती येनिता फार्मिंग (प्रॉस्पेक्ट नं. आईएल10681091)	पीएचएन 35, खसरा संख्या 512, क्षेत्रफल 1200 वर्ग फुट, जौलखेड़ा, मुलताई, बैतूल, मध्य प्रदेश 460660 का पूरा भूखंड क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकार: भूमि_क्षेत्रफल, कालीन_क्षेत्रफल संपत्ति का क्षेत्रफल: 1200.00, 595.00	रुपये 263239/- (रु. दो लाख तिरेसठ हजार दो सौ उन्चालीस मात्र)	10-02-2026	25-05-2026

विवरण हेतु संपर्क- प्रा. अधिकारी ब्रांच आफिस: 183, प्रथम तल, सोनी भवन, एम.पी. नगर, जोन-2, भोपाल या कार्पोरेट ऑफिस- प्लॉट नं. 98, फेस-IV, उद्योग विहार, गुड़गांव, हरियाणा.
स्थान- भोपाल
दिनांक : 29-5-2026
प्रा. अधिकारी
कृते आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड